तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024


12 खरीदी 47970 और मात्र 6 हजार क्विंटल ही उठाव



12 विनम्र एवं पुण्यकर्मी व्यक्ति के घर आते...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 26 दिसंबर को ग्राम छिर्राचुआं में आरोपी ललित डडसेना पिता तुलाराम डडसेना (35 वर्ष) के कब्जे से 3 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक के चक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** भलेसर रोड राइस मिल के सामने स्थित ट्रांसफर सहित 2 एचटीएच बीम पोल ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर सहायक यंत्री ने महासमुंद थाने में भारती ट्रेडर्स के वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजेड 5373 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। उक्त घटना से विद्युत कंपनी को लगभग 1,88,473 रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### धान ले जाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम दाबपाली में धान ले जाने की बात पर एक व्यक्ति से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी धरम सिंग ने बताया कि 12 दिसंबर को वह अपने खेत ग्राम दाबपाली में धान फसल को लेने गया था। तभी कुंजल ध्रुव, शशि ध्रुव, पुष्कर ध्रुव, रेवती ध्रुव, खेमिन ध्रुव द्वारा धान को कहां ले जा रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पुत्र और बहू के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दो लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने की घटना में हुई मृत्यु पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के लिए कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। इनमें जिला मुख्यालय महासमुंद कुर्मीपारा निवासी ओमशंकर वैष्णव की मृत्यु ग्राम खरोरा सड़क शहीद स्मारक के पास 19 जुलाई 2022 को मोटरयान दुर्घटना से होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता राधाबाई वैष्णव को दो लाख रुपए की राशि प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई है।

### 4 लाख की अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम कोकड़ी के मृतक पुनीतराम निषाद की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बैलेट पेपर से होगा चुनाव, बोर्ड परीक्षा से पहले होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में राज्य सरकार के घोषणा के बाद

- जिले में राज्य सरकार के घोषणा के बाद अब बढ़ने वाली है चुनावी हलचल, चुनाव को लेकर चर्चा भी होने लगी

अब चुनावी हलचल बढ़ने वाली है। लोगों में चुनाव को लेकर चर्चा होने लगी है। नगर के सभी वार्डों के पार्षदों का आरक्षण हो चुका है एवं आने वाले दिनों में जिले के गांव सरपंच एवं पंच के लिए आरक्षण संबंधित कार्य भी पूर्ण हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से करवाया जाएगा। इसकी घोषणा उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने की है। इसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी गई है।

27 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने घोषणा की है कि इस बार का नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से करवाया जाएगा उन्होंने कहा कि ईवीएम के तैयार होने में समय लग सकता है। इस बात की समीक्षा की गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय किया गया है। इस बाबत चुनाव आयोग अंतिम तैयारी में लगा हुआ है और जैसे ही




इस पर निर्णय हो जाएगा। इस पर अंतिम जानकारी दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर के नियमों में परिवर्तन हुआ है। आरक्षण की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में हम लोगों की यह कोशिश है कि जल्द से जल्द नगर निकाय चुनाव को पूरा करवा लिया जाए साथ ही सरकार की मंशा है कि राज्य में होने वाले बोर्ड एग्जाम से पहले नगर निकाय चुनाव को पूरा कर लिया जाए। ताकि, किसी तरह से कोई परीक्षा प्रभावित न हो।

### बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराने की वजह

बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराए जाने के निर्णय को लेकर यह बात सामने आई है कि फिलहाल ईवीएम मशीनें तैयार नही हो पाई है। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा मत पेटी और मत पत्रों की प्रिंटिंग के संबंध में पहले ही निविदाए आंमत्रित की जा चुकी हैं। निकाय चुनाव में मत पत्र से मतदान कराए जाने की तैयारी पहले से ही की जा रही थी। हालांकि स्पष्ट नही था कि मतपत्र से चुनाव केवल त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के होंगे या नगरीय निकाय के भी। लेकिन, उप मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रशासन अपनी तैयारी में जुट गया है।

### आरक्षण के लिए नए समय सारिणी जारी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर पंच पद के लिए अभी आरक्षण तय नहीं हुआ है। इस कवायद के लिए अब नई समय सारिणी जारी की गई है। अब यह प्रक्रिया 3 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी को संपन्न होगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 3 जनवरी से शुरू होगी। 8 जनवरी को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा 10 जनवरी को आरक्षण की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना 3 जनवरी को प्रकाशित होगी, और 11 जनवरी को आरक्षण की कार्रवाई संपन्न करते हुए जानकारी दी जाएगी। पहले यह प्रक्रिया 23 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर को संपन्न होनी थी।

**रोष : कलेक्टोरेट आफिस के सामने ग्रामीणों ने की जमकर नारेबाजी**

# स्वीकृत रेत खदान को रद्द करने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत पासिद के आश्रित गांव

- रेत घाट होने से गांव में भारी वाहनों का आवाजी से सड़क भी खराब

मुड़ियाडीह में स्वीकृत रेत घाट को निरस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम मुड़ियाडीह में शासन द्वारा स्वीकृत रेतघाट के कारण उत्खननकर्ता और ग्रामवासियों के बीच प्रतिदिन वाद-विवाद होता रहता है। रेत उत्खनन के चलते गांव की सड़क पर हमेशा भारी वाहनों का आवागमन रहता है। लगातार भारी वाहन चलने से सड़क अब पैदल चलने लायक भी नहीं रह गई है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है।



ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसी की तबीयत खराब होने पर एम्बुलेंस, महतारी एक्सप्रेस गांव नहीं पहुंच पाती। सड़क खराब होने के कारण गाँव के बच्चे 5 वीं तक ही पढ़ाई कर पा रहे हैं। सड़क किनारे प्राथमिक स्कूल संचालित है, रेत खदान में आने-जाने वाले वाहनों की धूल स्कूल में पहुंचती है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने स्वीकृत घाट जल्द से जल्द निरस्त करने की मांग की है।

### चोपड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडल

डॉ. चोपड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान बताया कि मुड़ियाडीह के ग्रामीण पिछले 20 साल से ग्रामीण सड़क की मांग कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान का भी ग्रामीणों ने बहिष्कार किया गया था। तब जिला कलेक्टर ने सड़क बनाने का आश्वासन दिया। लेकिन, सड़क नहीं बनी। खनिज विभाग ने मुड़ियाडीह रेत घाट को ठेके पर दे दिया है। रेत घाट से निकलने वाले ट्रकों से गांव की सड़के खराब व जर्जर हो चुकी है। डॉ. चोपड़ा ने सभी विषयों और अन्य समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष अवगत कराया और इनके निराकरण की बात रख कर ग्राम मुड़ियाडीह में पक्की सड़क बनाने और अवैध रेत खनन व परिवहन को बंद करवा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को निर्देश देकर सड़क बनाने की बात कही।

### वैध खदान से भी रेत निकालने नहीं दे रहे ग्रामीण

सूत्र बताते हैं कि वैध खदानों से रेत उत्खनन नहीं होने देने और आसपास के अवैध रेत खदानों में ग्रामीणों द्वारा उत्खननकर्ताओं से आपसी सामंजस्य स्थापित कर लेने के कारण रेत खनन से जुड़े विवाद लगातार सामने आ रहे है। यह प्रशासन के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है। दरअसल, वैध खदानों से रेत खनन की स्वीकृति मिलने के बावजूद अवैध खदानों के संचालन के लिए दबाव बनाए जाने की शिकायतें मिली है। केडियाडीह, मोहकम सहित महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में आए दिन बाहरी लोग ग्रामीणों से सेंटिंग कर रात में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। जिसके कारण उपज रहे विवाद की जद में वैध खदानें भी आ रही है। प्रशासन द्वारा अवैध खदानों पर की जाने वाली कार्रवाई पर दबाव की राजनीति हावी हो जा रही है और वैध खदानों से रेत का उत्खनन नहीं हो पाने से राजस्व की भी हानि हो रही है।

# धुत्त होकर स्कूल पहुंचने वाले व्याख्याता शौकत अली को विभाग ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले व्याख्याता को निलंबित कर दिया गया है। जिले के बसना ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद विद्यालय भंवरपुर के व्याख्याता शौकत अली 22 अक्टूबर को शराब के नशे में स्कूल पहुंचे थे जिसकी वजह से हंगामा होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए जांच रिपोर्ट तैयार की और शिक्षा विभाग को सौंप दी। उक्त व्याख्याता शराब के नशे में धुत होकर पहले तो स्कूल पहुंचा बाद में परिसर में बेसुध मिला था। दो महीने बाद आखिरकार उक्त शिक्षक पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त व्याख्याता



शराब के नशे में इतना चूर था कि वह चल भी नहीं पा रहा था। बाद में शिक्षक के खिलाफ पुलिस में सूचना दर्ज कराई गई और डॉक्टरी मुलायजा भी कराया गया। जहां पर मदिरापान किए जाने की पुष्टि के बाद व्याख्याता शौकत अली को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के अंतर्गत नियम 9 के उपनियम (1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलबिंत करते हुए मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी निर्धारित किया गया है।

# युवती द्वारा आत्महत्या मामले की जांच हुई, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकलाज के चलते युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में तेंदूकोना पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रेमी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर भुनेश्वरी दीवान पिता भोलाराम दीवान (21 साल) निवासी धामनतोरी थाना तेंदूकोना के मौत के मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मृतका के पिता भोलाराम दीवान, मां फिरंतीन बाई, चाचा पंचराम दीवान, चाचा पंचूराम दीवान, चाची अरूण बाई एवं गवाह लोकनाथ दीवान का कथन लिया गया। जांच में पाया गया कि मृतका के साथ आरोपी अर्जुन को संदिग्ध अवस्था में देख लेने पर घर वाले एवं गांव के लोग द्वारा उन्हें शादी करने के लिए कहने पर आपस में राजीनामा हो गए, लेकिन उसके बाद आरोपी अर्जुन दीवान ने मृतका से गाली गलौज कर तेरे साथ शादी नहीं करूंगा, तू मर जा कहकर प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में आरोपी अर्जुन दीवान के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# एक व्यक्ति से दो अलग-अलग गांवों में मारपीट

**महासमुंद।** एक व्यक्ति से दो अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटना हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को लाफिनखुर्द निवासी भोजराम बघेल ने बताया कि 25 दिसंबर को अपनी नानी के दशगात्र कार्यक्रम में परसदा कला थाना फिगेश्वर जिला गरियाबंद गया था। जहां उसके डेढ़ साला तेज सिंह टंडन भी आया था, बातचीत करते समय तेज सिंह टंडन ने मेरी शारीरिक कमजोरी को लेकर बात की, जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद आरोपी तेज सिंह टंडन ने गाली गलौज कर मुझे जमीन में पटक दिया। लेकिन, परिवार वालों के समझाने के बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद प्रार्थी अपने निवास ग्राम लाफिन खुर्द आ गया। रात्रि करीब 12.35 बजे डेढ़ साला और उसके परिवार वाले दो गाड़ियों में आए और प्रार्थी को उठाकर बोले कि तुम परसदा में तेज सिंह टंडन से मारपीट क्यों किए हो कहते हुए आरोपी अंजोर दास टंडन, तेज सिंह टंडन, गिरीश टंडन व अन्य लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का राड से मारपीट की। मारपीट को देख बड़े भैया क्रांता लाल बघेल, बहन मंजू बघेल बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

## अब तक 102422 किसानों से 576381.2 टन की धान खरीदी



**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि 27 दिसंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 102422 किसानों से 576381.2 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 1325 करोड़ 67 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में एक करोड़ 93 लाख 63 हजार 149 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमे 99 लाख 46 हजार 527 नया बारदाना है। 74 लाख 61 हजार 5 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 76 हजार 561 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 79 हजार 56 बारदाना प्राप्त हुआ है। एक करोड़ 33 लाख 26 हजार 408 बारदाने का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। अभी 60 लाख 36 हजार 741 बारदाना शेष है। उन्होंने बताया कि 154 उपार्जन केंद्रों में स्टॉक बफर लिमिट से अधिक है। 27 दिसंबर तक कुल 456683.09 टन धान का परिवहन किया गया है।

### युवक और उसकी भतीजी से मारपीट

**महासमुंद।** युवक और उसकी भतीजी से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बसना पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम पिलवापाली के परीक्षित खुंटे ने बताया कि 25 दिसंबर को अनंत कोसरिया के किराना दुकान के पास पहुंचा था कि मेरे सायकिल का पहिया रेत में धंसने से रूक गया था, उसी समय गांव के रूपेश कोसरिया एवं वीरेंद्र मिरी दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान मेरे पीछे से दिलीप खुंटे आया और तुम्हारा यहां क्या काम है कहकर गाली गलौज करते हुए मारने लगा तथा दोनों के बीच हाथापाई हुई। कुछ देर बाद दिलीप खुंटे, वीरनारायण खुंटे व भूरी बाई तीनों ने प्रार्थी के घर के सामने आकर उसकी भतीजी दिलेश्वरी खुंटे के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर बाल को खींचा।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


**पर्यटन स्थलों में असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा**

# नववर्ष पर पर्यटन स्थल होंगे गुलजार, सुरक्षा के इंतजाम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में नये साल को लेकर लोगो में

- जिले के खल्लारी, घुंचापाली मंदिर, कोडार बांध, शिशुपाल पर्वत, सिरपुर में पहुंचते लोग

खासा उत्साह रहता है। लोग इस दिन अपने परिवार के साथ या अपने दोस्तों के साथ जिले में स्थित विभिन्न पर्यटक स्थलो में पिकनिक एवं धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुगण दर्शन के लिए भारी संख्या में पहुंचते हैं। इस दिन असामाजिक तत्व, शराबी लोग भी इन जगहों पर एक्टिव रहते है जो शराब या अन्य नशे में हो हंगामा एवं उत्पात करते है जिससे पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों को लोगों को इन समस्याओं से दूर रखने इन स्थलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात की आवश्यकता है।

जिले में प्रमुख रुप से खल्लारी मंदिर, घुंचापाली मंदिर , कोडार बांध, शिशुपाल पर्वत, सिरपुर, बारनवापारा अभ्यरण एवं अन्य पर्यटन स्थलो में नये साल पर पिकनिक मनाने लोग अपने परिवार के साथ आते हैं। जिले के पर्यटन स्थलों पर केवल जिले के लोग नहीं बल्कि आसपास जिलों के पर्यटक भी पहुंचते हैं। दिसंबर के आखिरी सप्ताह व जनवरी के पहले सप्ताह ऐसे स्थान पर्यटकों से गुलजार रहते हैं। शीतकालीन की छुट्टी में लोग परिवार सहित जाना पसंद करते हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस को विशेष सावधानी बरतनी होगी। नए वर्ष को लेकर असमाजिक तत्व, शराबी, नशेड़ी भी सक्रिय रहते हैं। ऐसे स्थानों में ही वे शराब का सेवन कर उत्पाद साथ लड़ाई झगड़ा विवाद करते हैं। इन सब हालात को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पर्यटन स्थलों में सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों को तैनात करना लजमी है।



### अतिरिक्त पेट्रोलिंग की जरूरत

नए वर्ष के समय पर्यटन स्थल के आसपास और संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम को दिन में भी अतिरिक पेट्रोलिंग करनी होगी, तकि लोगों के मन में सुरक्षा का भाव रहे। बेफिक्र लोग नए वर्ष का स्वागत कर सकें। साथ ही पुलिस की मौजूदगी को देखते हुए असमाजिक तत्वों के मन में भी डर बना रहेगा, जिसके चलते कोई गलत हरकत नहीं कर पाएंगे। नए वर्ष को लेकर लोग शराब पार्टी करते हैं, जश्न मनाते हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ जाती है।

### नए साल पर हादसा रोक पाना बड़ी चुनौती

साल के स्वागत और जश्न को लेकर तैयारियां शुरु हो चुकी है। लोग नये साल में पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों में जाकर साल के पहले दिन दो यादगार बनाने की तैयारी कर चुके है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में हर साल की तरह इस साल भी सैलानियों की भीड़ जुटने का अनुमान है। हर साल नये साल के दौरान मार्ग में हादसे होते रहे है, इस साल भी हादसों की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में पुलिस व जिला प्रशासन के लिये व्यवस्था बनाकर हादसों पर अंकुश लगाना एक बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि पुराने साल की विदाई और नये साल के आगमन को लेकर अब मुश्किल से 3 दिन का समय ही बाकी रह गया है।


**आवश्यकता है**

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

**रिपोर्टर (2 पद)**

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

**अनुभवी को प्राथमिकता**

**(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)**

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समयः सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

**खबर संक्षेप**

### राजस्व सर्वेक्षण कार्य के लिए अधिसूचना जारी

**महासमुंद।** जिले में राजस्व सर्वेक्षण कार्य शुरू करने के लिए कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तहसीलों के अंतर्गत विभिन्न राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य संचालित किया जाएगा। प्रमुख ग्रामों में नादगांव, परसट्ठी, कोटनपाली, बिछलादादर, बरतुंगा, केरामुड़ा तुकड़ा और साल्हेपाली शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, यह कार्य छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्रेषित जानकारी के आधार पर प्रारंभ किया गया है। इस सर्वेक्षण कार्य में वनमंडल अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और संबंधित तहसीलों के सर्वेक्षण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। राजस्व सर्वेक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए रैमटेक सॉफ्टवेयर साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को सहयोगी संस्था के रूप में जोड़ा गया है। यह सर्वेक्षण क्षेत्रीय विकास और राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सभी तहसीलों के अधिकारियों और राजस्व निरीक्षकों को इस अधिसूचना का कड़ाई से पालन करने और समय पर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वेक्षण कार्य से जुड़े सभी विभागों को स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यह कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### भृत्य कल्याण संघ की बैठक 28 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 28 दिसम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे मिशन ग्राउंड धमतरी में रखी गई है। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, उपाध्यक्ष किशोर कुमार साहू, सचिव सोमनाथ तारक एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में नियमितीकरण के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# शिव चेतना है तो जगतजननी माता पार्वती विश्व की ऊर्जा : पं सुनील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नयापारा संतोषी मंदिर के पास आयोजित शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने माता पार्वती जन्म, पार्वती तपस्या और कामदेव प्रसंग का संगीतमय भजनों के साथ विस्तृत वर्णन किया।

सुनील ने कथा प्रसंग में बताया कि माता पार्वती, उमा या गौरी मातृत्व, प्रेम और सौंदर्य की प्रतीक परब्रम्हस्वरुपिणी है। इनका मूल नाम उमा है। परंतु हिमालय पर्वत, मैना रानी की पुत्री होने के कारण इन्हें पार्वती कहा जाता है। वह सर्वोच्च हिंदू देवी परमेश्वरी पराशक्ति (शिवशक्ति) की स्वरूप है। माता पार्वती भगवान शिव की पत्नी और कार्तिकेय, गणेश, अशोक सुंदरी, ज्योति और मनसा की माता है। पंडित सुनील ने श्रोताओं को शिव पार्वती की मिलन की कहानी बताते हुए कहा कि शिवमहापुराण कथा के अनुसार ब्रम्हाजी के आदेश पर शंकर भगवान को वरण करने के लिए माता पार्वती ने कठोर तप किया। महर्षि नारद ने पार्वती को पंचाक्षर मंत्र दिया, शिवाय नमः की दीक्षा दी। पार्वती ग्रीष्मकाल में अग्नि और सूर्य के प्रचंड ताप, वर्षाऋतु में खुले आसमान के नीचे और शीतऋतु में जल के मध्य के बीच में निराहार रहकर कठोर तप किया। पिता हिमालय पुत्री के तप से विचलित होकर उनके विवाह का उपाय पूछने नारद से मिले, तब नारद ने कहा कि पार्वती पुत्री तो सर्वगुण संपन्न है। परंतु, इनका पति जटायुधारी, दिगंबर और अमंगलवेश वाला होगा और ये सभी गुण सिर्फ भगवान शंकर में ही है। शंकर को





छोड़कर संसार में दूसरा कोई वर है ही नहीं। सुनील प्रसाद ने सती और शिव की कथा में बताया कि राजा दक्ष की पुत्री सती का विवाह शिवजी से हुआ तो था परंतु अपने अन्य पुत्रियों की तुलना में उन्हें सती का पति शिवजी का औघड़ रहना उन्हें नापसंद था।

भगवान शिवजी द्वारा एक सभा में उनके सम्मान में खड़े नही होने को राजा दक्ष ने अपना अनादर समझा और उनसे बैर रखते थे। राजा दक्ष के यहां हो रहे यज्ञ में माता सती, पति शिव को आमंत्रित नही किए जाने के बाद भी वो पिता के घर जाने का हठ कर बैठी, शिवजी के समझाने पर सती अपने पिता के घर गयी परन्तु वहां पर पति के की निंदा से उन्हें आने का पछतावा हुआ, जिससे विचलित होकर सती ने अपना जीवन त्याग कर दिया। त्रिकालदर्शी शिवशंकर सती और अपने अपमान से क्रोधित होकर तांडव करते हुए अपने जटा को जमीन पर पटककर वीरभद्र की उतपत्ति की और उसने शिवजी के आदेश पर दक्ष का सर काटकर उनकी जीवन लीला समाप्त कर दिया।

सती के शरीर को अपने कंधे पर रखकर 12 वर्षों तक भगवान चलते गए। इस स्थिति को दूर करने देवताओं ने सती के शरीर को टुकड़ों में अलग करते हुए गिराया। और जहां जहां सती माता के शरीर का अंग गिरा वो शक्तिपीठ के रूप में दर्शनीय पूजनीय स्थान बन गए। शिवकथा में पार्वती जन्मोत्सव प्रसंग के अवसर पर धूमधाम से बाजे गाजे के साथ गीत भजन पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने माता पार्वती जन्म का आनंद लिया।

# बिरकोनी में श्रीकृष्ण जन्म व रुक्मिणी विवाह उत्सव पर झूमे श्रद्धालुजन

### श्रीकृष्ण की जीवंत झांकी में बाल लीला, रूखमणि विवाह उत्सव, सुदामा मिलन की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर स्थल पर श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा हैं। कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला, कंस वध एवं कृष्ण रूखमणी विवाह धूमधाम मनाया गया। कृष्ण जन्म के बाद श्रद्धालु झूम उठे। कथावाचक आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म हुआ वैसे ही वासुदेव देवकी के सारे बंधन खुल गए। इसके बाद वासुदेव कृष्ण को गोकुल छोड़कर आए, बाबा नंद के यहां उत्सव का माहौल बन गया। जिसने भी बाबा नंद के यहां बेटे होने की खबर सुनी, वहीं झूमने लगा। भगवान कृष्ण और बलराम जन्म की कथा भक्तों को श्रवण कराते हुए कहा कि जब कृष्ण





का जन्म हुआ तो अपने आप जेल के ताले खुल गए। वासुदेव की बेड़ियां खुल गई। जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणि के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कृष्ण भगवान विष्णु के राम अवतार कृष्ण अवतार की लीला के बारे में विस्तारपूर्वक कथा में श्रद्धालुओं को बताया। कंस इतना अत्याचारी था कि उसने अपने पिता अग्रसेन को भी कारागार में डाल दिया।

श्रीमद् भागवत श्रवण, भगवत नाम स्मरण, तुलसी पूजा एवं गौ सेवा का महत्व बताया। जीवंत झांकी में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी आकर्षक वस्त्र सज्जा के साथ गोकुल का माहौल तैयार किया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर बीच-बीच में नृत्य करते नजर आए। जन्मोत्सव के बाद दही हंडी लूट हुआ। बाद कृष्ण रुक्मणि विवाह का आयोजन हुआ। रुकमणि की वरमाला पर जमकर फूलों की वर्षा हुई। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष की भीड़ रही। शनिवार को सनातन सेवा धर्म समिति के सदस्यों की अगुवाई में शाम 4 बजे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का ग्राम भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# कोसरंगी में श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- कथा के सातवें दिन निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

ग्राम कोसरंगी में श्रीमद भागवत कथा जान यज्ञ का आयोजन भाटापारा स्कूल के पास किया गया है। कथा के तीसरे दिन नरसिंह आवतार, प्रहलाद कथा, भरत चरित्र का श्रवण व्यास पीठ से पंडित संतोष वैष्णव महाराज मोहगांव बागबाहरा वाले ने कराया। परायणकर्ता पंडित लोकेश्वर वैष्णव महाराज है। ग्रामीण भारी संख्या में कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे है। कथा के मुख्य यजमान रेवती प्रीतम कुमार, रामप्यारी रमेश कुमार अनुसुईया बसंत कुमार साहू है। चौथा दिन राम अवतार, कृष्ण जन्म, पाचवा दिन दही लूट, कृष्ण लीला कंसवध, छठवा दिन रूखमणि विवाह, सातवां दिन तुलसी वर्षा, सुदामा कथा एवं भागवत भगवान का भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों द्वारा सभी सनातन धर्म






को मानने वाले भागवत प्रेमियों से अधिक से अधिक सख्या में कथा श्रवण करने लिए कथा स्थलपर पहुंच कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। उक्त जानकारी आदित्य गिरि महाराज ने दी है।

## देश को आर्थिक मजबूत करने में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की रही अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पालिका परिवार ने दी श्रद्धांजलि

देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को पालिका कार्यालय परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग समेत पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती महिलांग ने कहा कि देश के लिए मनमोहन सिंह ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्होंने भारत को आर्थिक संकट की स्थिति में न सिर्फ उबारने का कार्य किया बल्कि देश में विकास की रफ्तार को भी जारी रखा।

उनका जाना कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। संसद में उनके विनम्र व्यवहार ने देश के साथ ही विदेशी प्रवास के दौरान वहां की सरकार और नेताओं के बीच भी अमिट छाप छोड़ी है। इस दौरान मनीष शर्मा, रिंकू चंद्राकर, बबलू हरपाल, पवन पटेल, मंगेश टांकसाले, पार्षद अमन चंद्राकर, इंजीनियर दिलीप कश्यप, करण यादव, दिलीप चंद्राकर, सीताराम चेलक, नरेश ध्रुव, नीतू प्रधान, नौशाद बक्श, रिक्की महंती, अरिश अनवर, लता कैलाश चंद्राकर, युवराज साहू, टोमन कागजी, कौशिक राठौर समेत पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉ चंद्रिका की कहानी का प्रसारण आज



**सरायपाली।** आकाशवाणी रायपुर से डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी क्षितिज तक जाती नज़रें का प्रसारण 28 दिसंबर को 10 बजे पल्लवी कार्यक्रम के अंतर्गत होगा। कहानी क्षितिज तक जाती नजरें पिंजरे में बंद पक्षी के माध्यम से स्त्री जीवन के बंधन और उन बंधनों में रहते हुए भी क्षितिज तक उड़ने की लालसा और विश्वास की कहानी है। वे वर्तमान में वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक हैं।

# क्राफ्ट इंडिया मेले में सजावटी सामग्री भरपूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

स्थानीय शहर के दादा बाड़ा मैदान में आयोजित क्राफ्ट बाजार

**क्रॉफ्ट बाजार में उमड़ रही भीड़**

में बड़ी संख्या में खरीददारी करने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। क्राफ्ट बाजार के संचालक संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार का वैरायटी का स्टाल लगा हुआ है, जहां पर मध्य प्रदेश कॉन साड़ी, ड्रेस मटेरियल्स च्यवनप्रास, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, राजस्थान बंदीनी सूट,चनिया चोली, मोजरी जूता, उत्तर प्रदेश, लखनवी चिकन सूट, कुर्ता-पायजामा मेरठ की खादी शर्ट, बनारसी साड़ी भदोई, बीट वर्क, कारपेट, खुर्जा, क्राकरी ब्रास आयटम, वुडन फर्नीचर, पंच वर्क



सूट,स्कर्ट टॉप, हैन्ड प्रिंट बेडशीट बैंगल्स, चूर्ण सुपारी, पिकल्स (आचार), महाराष्ट्र फैन्सी चप्पल, ट्रेन्डी बैग्स, फलोटिंग लैम्पस स्टेशनरी, बंटी-बबली सूट,गुजरात बेड कवर कुशन कवर हैंडवर्क टॉप्स लेडीज सूट, हैंड बैग, जम्मू एण्ड कश्मीर पाशमीना शाल, ड्रेस मटेरियल एम्ब्रायडी टॉप्स, हरियाणा हैन्डलूम वेड कवर, फैन्सी,आर्टिफीशियल ज्वेलरी, घरधूती गैस सिगड़ी, इंडक्शन, रोटी मेंकर, दिल्ली लेडीज फैन्सी टॉप एण्ड सलवार ज्वेलरी सूट, जेन्ट्स कुर्ता, कलकत्ता जूट बैग्स, जूती, एम्ब्रायड्री, ड्रेस मटेरियल, सिल्क एंड कॉटन साड़ियां टेराकोट साड़ियां, रोटी मेकर, बेड शीट्स कुशन कवर, टेवल क्लाथ, दिवान सेट, केरला- सिल्क साड़ी, पंजाब-पंजाबी जूती, ओड़िसा-ड्रेस मटेरियल, आंध्र प्रदेश-ड्रेस मटेरियल्स कर्नाटक-टॉप डॉ. प्लस चप्पल, वेस्ट बंगाल-ड्राय, फ्लावर, बिहार सिल्क ड्रेस मटेरियल साथ ही सर्दियों के मौसम के लिये सस्ते दामों में कपड़े उपलब्ध है। यह क्राफ्ट मेला 31 दिसंबर तक रहेगा।

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की वीरता को भाजपाजनों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के नन्हे साहिबजादों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस पूरे देश और प्रदेश में श्रद्धा और आदर के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के स्थानीय गीता भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सिक्ख समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह आहूजा, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तर सिंह नायक, विपिन उबोवेजा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, स्वर्ण सिंह सलूजा मंचासीन थे।

### धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और आदेश से इस बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मान्यता दी गई। उन्होंने कहा, वीर साहिबजादों ने छोटी आयु में धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका यह बलिदान हमें प्रेरणा देता है कि अन्याय और अत्याचार के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करना चाहिए।



### भारतीयता की रक्षा का प्रतीक

भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। साहिबजादों ने अपनी शहादत से यह संदेश दिया कि धर्म और स्वाभिमान के लिए किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में वीर बाल दिवस का आयोजन 26 दिसंबर को कर रही है।

आज तक के इतिहास में कभी ऐसी निर्मम घटना देखने को नहीं मिली, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 9 साल और 7 साल की उम्र में शहादत दी जिससे इतने सालों बाद भी भारत के लोग याद करके रोते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुष्पलता चौहान, रविंद्र पंडा, प्रमोद सागर, कन्हैया पटेल, प्रदीप प्रधान, मोहन चौहान, मुरली नायक, जयप्रकाश यादव, हितेश यादव, सुधीर सामंतराय, नरेन्द्र प्रधान, गजेंद्र ठाकुर, किशन जायसवाल, प्रखर अग्रवाल, नकुल चौहान, काले शर्मा, जयप्रकाश यादव, आशीष सेन, इकबाल खान, अर्जून कुजूर, आशीष गोस्वामी, अमित आहूजा, मनोहर सराफ, इकबाल खान, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्तागण तथा वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक विदित धनानिया, मनोज दास उपस्थित थे।

# भौंरादादर में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भौंरादादर में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक के दिशा निर्देश एवं जीपी पटेल प्राचार्य शिविर संयोजक के मार्गदर्शन व आरके पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ घसिया सिदार सरपंच लोहरीनडीया के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य जीपी पटेल की अध्यक्षता में हुआ। वहीं समापन मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रुक्मणि सुभाष पटेल, अध्यक्षता जीपी पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लम्बर, लक्ष्मी गणेश बरिहा, आरआर पटेल, श्यामसुंदर चौधरी, जयराम पटेल, यूएस पटेल, दुखीश्याम, ईश्वर पटेल, देवनाथ पटेल, प्रहलाद पटेल, उग्रसेन चौधरी, एसएल पटेल रहे।

शिविर के दौरान दल नायक करनदास मानिकपुरी एवं दल नायिका हेमलता यादव, मनीषा साहू, रीतू पटेल, गायत्री साहू के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने गांव, गली, शाला परिसर, मंदिर परिसर, तालाब, मेड़, पचरी, घाटों आदि स्थानों की सफाई की स्कूल परिसर की पोताई भी किया गया। प्रतिदिन कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में योग प्राणायाम का अभ्यास कराया जाता था। उन्ही के नेतृत्व में गायत्री यज्ञ गांव के सुख शांति, समृद्धि के लिए किया गया।

बौद्धिक चर्चा में डॉ. एनके भोई प्राचार्य रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली- व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम, स्वामी अखिलेशानंद- विवेकानंद के जीवन वृत्त, साध्वी अर्चना भारती, साध्वी भक्ति अंधता भारती, ध्यान योग, भक्ति मार्ग के बारे में विस्तार से बताया। तुषार बारीक व्यवहार न्यायाधीश पर चयनित-दृढ संकल्प से सफलता प्राप्त की जा सकती है। अंकित भोई सहायक प्राध्यापक - भारत डिजिटल की ओर, सपना भोई सहायक प्राध्यापक - समाज में नारी की भूमिका, विनय कुमार साहू - व्यवहार न्यायाधीश विधिक जानकारी, पूजा पटेल साहू व्यवहार न्यायानीश पद पर चयमित- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करे, ललिता मेहर एचडीओपी सरायपाली- 2024 के नये कानून, सायबर काईम, राजेश महाणा अधिवक्ता- काइम से कैसे बचे, नरेंद्र पटेल- इंजीनियर-कैरियर गाइड, यूएस पटेल -सफलता के मूल मंत्र, साकेत कुमार एवं यशवंत गिरी साइबर, क्राइम से कैसे बचे, पूर्णानंद मिश्र बीआरसीसी अनुशासन के महत्त्व दुखनाशन प्रधान गांधी सेवा समिति नशा नाश की जड़ है के बारे स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया गया। यू-अली, अजय जायसवाल, अमित ने प्रश्नमंच के माध्यम से स्वय सेवको को सवाल जवाब किया। डॉ. कल्पना बरिहा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय साहू दंत रोग, डॉ. आदित्य कुमार शिवहरे नेत्र रोग, डॉ गुलाब पटेल चर्मरोग, डॉ प्रेम साहू स्त्री रोग, डॉ योगेश बारिक द्वारा शिविर के दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। गोकुल पैथोलॉजी द्वारा निःशुल्क ब्लड शुगर, हीमोग्लोबीन की जांच की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता चौधरी समाज सेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य विश्व मानवाधिकार आयोग थी। कार्यक्रम स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दर्शकों के खूब तालियां बटोरी। स्वयं सेवकों के कार्यों व अनुशासन से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत के सरपंच घसिया सिदार, गणेश बरिहा, आरआर पटेल, दुखीश्याम पटेल की ओर से सभी स्वयं सेवकों को पुरस्कार दिया गया। बेस्ट स्वयं सेवक का पुरस्कार विक्की पटेल व स्वयं सेविका मनीषा सिदार को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईश्वर प्रसाद पटेल, देवनाथ पटेल, रघुराम पटेल, श्यामसुंदर चौधरी, संतलाल पटेल, धनुर्धर पटेल, हरीश पटेल, समीरपटेल, विष्णु चौधरी, प्रहलाद पटेल, धनेश पटेल, पद्मालया पटेल, किरण अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जेके जायसवाल, सीआर जायसवाल, एलके साहू, अजय चंद्रा, एलके सिदार, फतेसिंह करिहा, एमडी मानिकपुरी व खिरोद्र सिदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आरके पटेल कार्यक्रम अधिकारी व आभार आरआर पटेल ने किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि




**महासमुंद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र उनके किए गए कार्यों को याद कर रहा है। जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष, साधना सिंह नैनी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, राजेश नेताम पार्षद, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, भारत ठाकुर, सोमेश दवे, डॉ. तरुण साहू, प्रदीप चंद्राकर, राजू साहू, लखन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, अनवर हुसैन, निर्तेद्र बैनर्जी, लता कैलाश चंद्राकर, सोनम रामटेके, मोती साहू, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू,दिनेश दुबे, हर्षित चंद्राकर, भरत बुंदेला, टोमन सिंग कागजी, अब्दुल जावेद, इब्राहिम खान, मानिक साहू एवं अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## कोसरिया मरार पटेल समाज की हुई बैठक

**महासमुंद।** कोसरिया मरार पटेल समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक सितली नाला के पास स्थित पटेल धर्मशाला में हुई। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना व आरती कर की गई। इसके बाद जिले व राज से आए सभी पदाधिकारियों का स्वागत चंदन बंदन रोली से किया। उपस्थित समाज पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें। समाज विकास के साथ-साथ अनेक मुद्दे पर चर्चा हुई। निर्माणाधीन समाजिक भवन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पवन पटेल, संतराम पटेल, रमेश पटेल, मालिक राम पटेल, त्रिपुरारी पटेल, प्रहलाद पटेल, ललित पटेल, दिनेश पटेल, घनश्याम पटेल, नरेंद्र पटेल, ओमप्रकाश पटेल, छन्नू पटेल आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित लोगों और किसानों की से भेंट मुलाकात

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और साथियों द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के छोटे बड़े प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोगों और किसानों की बात सुनी गई। भेंट मुलाकात के दौरान एसडीएम कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिनकी आज पेशी भी थी। परंतु, एसडीएम और तहसीलदार के नदारद होने के कारण पीड़ित लोगों की पेशी नहीं हो पाई। डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम से फोन पर बात की तो एसडीएम ने चुनाव कार्य में ड्यूटी के कारण मौजूद नही हो ने की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों के नदारद होने से पेशी के लिए आए हुए लोगों का काम बाधित हुआ, जिससे लोगों में आक्रोश नजर आया। एसडीएम और तहसीलदार के अनुपस्थित रहने पर डॉ. चोपड़ा और साथियों ने कलेक्ट्रेट जाना सुनिश्चित किया और कलेक्टर से मिल कर सभी विषयों को उनके समक्ष रखा और कहा कि डेढ़ माह पहले निर्देश दिए जाने के बाद भी प्रकरणों पर कोई प्रगति नहीं दिखी, जिस पर कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक डॉ. चोपड़ा की बातों को सुनकर एसडीएम और तहसीलदार को तुरंत निर्देश दिया कि जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण अगले सोमवार तक किया जाए, जिसकी समीक्षा वे एक सप्ताह बाद करेंगे।

### स्पर्धा: पांच दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें हुईं शामिल

# तेंदूकोना क्रिकेट में गांजर ने मारी बाजी






हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

टीएनके स्टार इलेवन तेंदूकोना के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में दूर दराज के कुल 32 टीमों ने भाग लिया। जिनमे चार टीम गांजर, सालडबरी, चारभांठा व तेंदूकोना की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला गांजर व तेंदूकोना के मध्य खेला गया। जिसमे गांजर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित चार ओवरों में 62 रन बना पाई। जवाब में तेंदूकोना की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित चार ओवरों में तीन विकेट की नुकसान पर 35 रन ही बना पाई। इस तरह गांजर की टीम ने महज 7 रनों से जीत हासिल कर प्रथम स्थान में जगह बनाई।

### ये टीमें रही विजयी

प्रथम स्थान गांजर की टीम ने 21000 रुपए प्राप्त किए। इसी तरह द्वितीय स्थान तेंदूकोना ने 11000 रुपए, तृतीय स्थान सालडबरी ने 7100 रुपए व चतुर्थ स्थान चारभांठा ने 5500 रुपए के साथ सभी पुरस्कारों में क्रमशः आकर्षक ट्राफी प्राप्त किए। इसी तरह मैन ऑफ द सीरीज गांजर के खिलाड़ी अमर ठाकुर को रेंजर सायकल, बेस्ट फील्डर तेंदूकोना से देवेंद्र दीवान को आकर्षक ट्राफी, बेस्ट कीपर ललित साहू को आकर्षक ट्राफी व मैन ऑफ द मैच भानु गांजर को जियो मोबाइल से पुरस्कृत किया गया।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच देववंतीन दिलीप दीवान थी। अध्यक्षता ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम विकास समिति के सचिव मनीष अग्रवाल, भागवताचार्य पंडित भागीरथी दुबे आदि उपस्थित रहे। इसी तरह समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य खिलेश्वरी धनंजय साहू, अध्यक्षता अधिवक्ता रवि फरोधिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में बलराम दीक्षित, सीआर यादव, देवदास बैरागी, एसएस ध्रुव, कुंजलाल दीवान, तेजन साहू, विलास नायक, कौशल साहू आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि देववंतीन दीवान ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होकर कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगले मैच में अपना दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। जनपद सदस्य खिलेश्वरी साहू ने विजेता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। अधिवक्ता रवि फरोधियां ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में गज्जू ठाकुर, राज रात्रे, रेखराम साहनी, डिगेश्वर दीवान, अशोक साहू, डायमंड दीवान, बउवा दीवान, देवेंद्र दीवान, अंकुश शर्मा, देवेंद्र बैरागी, ललित साहू, शिलेश साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

## बौद्धिक चर्चा में एसडीओपी ने पढ़ाई जीवन से लेकर अब तक अनुभवों को किया साझा




**सरायपाली।** दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भौंरादादर में आयोजित हो रहा है। इस शिविर के बौद्धिक चर्चा का अंतिम दिवस का शुभारंभ प्रातः काल योग एवं प्राणायाम अभ्यास के साथ शुरुआत हुआ।

योगाचार्य कन्हैया लाल पटेल प्रज्ञा मंडल सागरपाली द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उसकी विधि उसका लाभ को भी सरल एवं सहज तरीके से बताया गया। प्रातःकाल के योगाभ्यास में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपनी सहभागिता दी। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता रैली, नशामुक्ति, जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बौद्धिक चर्चा में ललिता मेहेर एसडीओपी सरायपाली ने अपनी पढ़ाई जीवन से लेकर अब तक के अपने अनुभवों को स्वंय सेवकों को बताया। स्वयंसेवकों के बीच बहुत ही सुंदर सवाल-जवाब किया गया। 2024 के नये नियमों, कानूनों के बारे में बहुत ही सुंदर तरीके से बताया। अपनी उद्बोधन की शुरूआत में आजकल के दुनिया में साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान एवं बचाव, सजकता पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वयं सेवकों से चर्चा कर अपना अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लंबर की पूरी टीम को बधाई दी। बौद्धिक चर्चा के पश्चात स्वयं सेवकों का द्वितीय सेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिता चौधरी समाजसेवी, अध्यक्षता जीपी पटेल, विशिष्ट अतिथि पूर्णानंद मिश्रा विखं स्त्रोत समन्वयक बसना, जीएस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण समिति लंबर, श्याम भोई प्राचार्य ढुटीकोना, अजय जायसवाल प्राचार्य रोहिना, उस्ताद अली शिक्षक, रामकुमार मैत्री शिक्षक, एसएल पटेल, रघुराम पटेल एवं श्याम सुंदर चौधरी, राजेंद्र पटेल एवं गांव के माताएं बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन

# विजय दिवस पर बोले विधायक टेकामः आदिवासी समाज में वीरों की गाथा अनगिनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली





**निशा घाटी के वीर भूमि पर विजय दिवस का किया आयोजन, मशाल रैली भी निकाली गई**

प्रांतीय बिंझवार समाज द्वारा विजय दिवस का आयोजन सिंघोड़ा घाटी निशा घाटी के वीर भूमि चिवराकुटा में किया गया। 1857 की क्रांति में शहीद वीर नारायण सिंह के योगदान एवं उनके ससुर माधो सिंह बरिहा द्वारा अंग्रेजी सेना के विरुद्ध लड़ाई में विजय प्राप्त होने की खुशी में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सोनाखान के वीर धरती से बिंझवार समाज के युवा प्रभाग के अध्यक्ष अमृत बरिहा के नेतृत्व में 150 मशाल रैली सोनाखान से निकलकर निशा घाटी वीर भूमि के लिए प्रस्थान किए। सोनाखान से निकलते हुए बया में ग्रामीणों द्वारा मशाल रैली को दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। उसके पश्चात पिथौरा के मुख्य चौक में मशाल रैली का स्वागत नगरवासियों एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों द्वारा धूमधाम से किया गया। अगले पड़ाव में मसाल रैली सांकरा जोंक पहुंची, जहां पर बहुत ही धूमधाम से बाजे गाजे के साथ मशाल यात्रियों का स्वागत किया गया। विजय दिवस पर मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, अध्यक्षता जमीदार वीरेंद्र सिंह गड़तिया लाटसभापति फुलझर राज बिंझवार समाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, बेदराम बरिहा प्रांतीय अध्यक्ष बिंझवार समाज, राजेंद्र दीवान प्रपौत्र शहीद वीर नारायण सिंह, तरूणी सेन बरिहा शहीद माधोसिंह बरिहा के वंशज, लोकेश्वर सिंह बरिहा माधोसिंह बरिहा के वंशज, कल्याण सिंह बरिहा, सुकालू राम बरिहा, संतराम बरिहा, गोविंद बरिहा, राजकुमार बरिहा, डॉ.बिरंचि बेताल, सुरेश भोई सरपंच प्रतिनिधि, सर्व आदिवासी समाज से जयदेव भोई, शौकीलाल भोई, लोकनाथ भोई, गोंड समाज से क्षेत्रो सिदार, अमृत जगत, आरएन ध्रुव, एसपी ध्रुव, ठाकुर अनंत सिंह वर्मा, डमरूधर मांझी, फूलसिंह नेताम सहित विभिन्न समाज के प्रमुख मंचासीन थे। अतिथिजनों के द्वारा जनजाति समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना दुर्गावती, वीर नारायण सिंह, माधो सिंह बरिहा एवं कुलदेवी विंध्यवासिनी देवी की पूजा अर्चना की गई। इसके पूर्व विभिन्न गांव से आए हुए कीर्तन मंडली टीम द्वारा अपनी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई। उद्बोधन की कड़ी में बिंझवार समाज के अध्यक्ष बेदराम बरिहा ने शहीद माधो सिंह बरिहा एवं वीर नारायण सिंह के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम ने कहा कि आदिवासी समाज में वीरों की अनगिनत गाथा है। जिनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय बिंझवार समाज के सदस्य उपेंद्र कुमार बरिहा एवं आभार प्रदर्शन फागूलाल बरिहा ने किया। उक्त कार्यक्रम सर्व आदिवासी समाज, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के संयुक्त तत्वाधान में प्रांतीय बिंझवार समाज द्वारा आयोजित किया गया था।

### वास्तविक इतिहास को सामने लाने का प्रयास : चुन्नीलाल

विशिष्ट अतिथि के आसंदी पर चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद ने बताया कि माधोसिंह बरिहा का इतिहास है, वह अंग्रेजों द्वारा गलत लिखा गया है। उनकी वास्तविक इतिहास को अब लोगों के सामने लाकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को लोगों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा आगामी 31 दिसंबर 2024 को माधोसिंह के कर्मस्थली वीर भूमि घेंस में वीरता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी का आगमन होगा और उसे चंदन सा पावन मिट्टी को वंदन करेंगे।

# सहकारी उद्यम की स्थापना के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय महासमुंद के मुख्य आतिथ्य में सहकारी उद्यम की स्थापना के लिए युवाओं के लिए एक दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को संगोष्ठी का भरपूर लाभ उठाने को कहा। डॉ. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर विद्यार्थी में विशिष्ट कौशल होता है उसे तराशने के लिए मेंहनत करने जरूरत होती है, उन्होंने कहा कि आज जो विद्यार्थी हमारे सामने बैठे हैं वे कल मुकाम हासिल कर हमारे पंक्ति में भी बैठ सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता एसआर बंजारे जिला प्रचार-प्रसार अधिकारी जिला सहकारी संघ मर्या महासमुंद ने संगोष्ठी का मुख्य विषय सहकार से समृद्धि, उद्यमिता रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने में सहकार की भूमिका तथा विद्यार्थियों के लिए सहकारिता आवश्यक क्यों जैसे बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श




अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय से आमंत्रित विशिष्ट अतिथि मुकेश सिन्हा एवं आलोक त्रिलोक हिरवानी ने छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन के बारे में बताया। अंत में सहकारिता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि जीएल कौशिक प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्या महासमुंद ने छात्रों से सहकारिता से संबंधित प्रश्न पूछा तथा जिला सहकारी संघ मर्या महासमुंद की ओर से विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा आकर्षक पुरस्कार एवं सभी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की समीक्षा एमएस वर्मा वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक ने प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने किया। सभी अतिथियों को जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद एवं महाविद्यालय की ओर से मोमेंटो व शाल भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ मर्यादित के लेखापाल कन्हैयालाल नायक एवं कंप्यूटर आपरेटर शीतल कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक लता भोई, लिपिक ऋषि वर्मा, अतिथि व्याख्याता प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, दीक्षा गजेंद्र, राखी यदु, सविता पटेल तथा बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले
पानी जांच अवश्य करवा ले

## तुषार ने पहली बार में ही की सीए की परीक्षा उत्तीर्ण



**महासमुंद।** होनहार छात्र तुषार लूनिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर शहर को गौरवान्वित करने किया है। तुषार शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। शुरू से ही मन में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की सोच को लेकर वह बढ़ते रहे हैं और जब आज चार्टर्ड अकाउंटेंट का रिजल्ट आया जिसमें उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की तो तुषार के घर पर खुशियां बिखर गई और सभी लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देने लगे। सभी रिश्तेदारों के फोन पर बधाई संदेश आता रहा। तुषार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा द होली फेथ स्कूल से प्रारंभ की और आगे की पढ़ाई भिलाई तथा हैदराबाद से की। तुषार, स्वर्गीय शांतिलाल लूनिया के पौत्र एवं मनोज लूनिया के छोटे पुत्र तथा पार्षद महेंद्र जैन, योगेश जैन, रविंद्र जैन के भतीजे हैं। इस कामयाबी का श्रेय तुषार लूनिया ने अपने शिक्षकों तथा अपने दादी कमलाबाई जैन, माता-पिता एवं परिजनों को दिया है।

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप



### खट्टी में मनाई गई वाजपेयी की जयंती

**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सरपंच मीना तीरथ पटेल ने अटल बिहारी वाजपायी को याद करते हुए कहा कि अटल भारतीय राजनीति के भीष्म थे। जयंती पर अटल के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि तिरथ पटेल, कौशिक पटेल, रूपधर साहू, छबि लाल पटेल समेत ग्राम के लोग उपस्थित थे।

### परसुली में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम 31 को

**नर्रा।** ग्राम परसुली में युवा किसान समिति के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत के अवसर पर रात्रिकालीन जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुसमी का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य परमेश्वर पटेल ने लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### दलदली में अष्टोत्तर महायज्ञ 3 जनवरी से

**महासमुंद।** मानस यज्ञ समिति दलदली (उमरदा) द्वारा तीर्थ स्थल दलदली में 3 जनवरी से 13 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्टोत्तर शत (परायण) महायज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 3 जनवरी अग्नि स्थापना, 4 को वेदी पूजन एवं यज्ञ हवन प्रारंभ, 12 को परायण (पाठ) विश्राम एवं 13 जनवरी को पूर्णाहुति, यज्ञांत व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। वहीं 4 से 12 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे। 9 से 11 जनवरी तक शाम 7 बजे से पंडवानी गायिका मीना साहू की प्रस्तुति होंगी। कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं पंकज तिवारी साराडीह, प्रवचनकर्ताद्वय शकुंतला देवी लोहारी एवं पं हरदयाल उपाध्याय मुंगेली एवं कार्यक्रम के मुख्य यजमान मार्कंडेय चंद्राकर होंगे। आयोजन समिति के सदस्य भूषण चंद्राकर, अनिल, सुरेश, भुनेश्वर, भीखम एवं युवराज चद्राकर ने सभी श्रद्धालु भक्तों को अधिक संख्या में इस महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

**आयोजन :** गुरु गोविंद सिंह के दो वीर सपूतों बाबा जोरावर और फतेह सिंह की शहादत को मनाया वीर बाल दिवस

# वीर साहबजादों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के दो वीर सपूतों बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत पर 26 दिसंबर को स्थानीय कचहरी चौक में शहीद परिवार के जीवनकाल को प्रदर्शित करती हुई चित्र प्रदर्शनी के साथ जिला भाजपा द्वारा वीर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्धारित वीर बालदिवस कार्यक्रम में सांसद रुपकुमारी चौधरी, महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक, प्रदेश प्रवक्ता व प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रांत प्रमुख संजय तिवारी, सिख समाज से गुरविंदर सिंघ, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी घनश्याम सोनी, विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान, सिख समाज अध्यक्ष दिलीप सिंह गुरुदत्ता, सर्वसमाज से देवेंद्र दुबे, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी प्रलय थिटे, निरंजना शर्मा, ऐतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका कार्यक्रम के जिला संयोजक सतपाल सिंघ पाली, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू की प्रमुख उपस्थिति में दो वीर अमर शहीद बालकों के शहादत को नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।





### अरदास कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

सांसद रुपकुमारी चौधरी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुगल शासकों ने जिस तरह से इस देश को खंडित करने की कोशिश किया, वह सभी को पता है। यहां की धर्म,संस्कृति को खंडित करने के साथ यहां की संपदा को लूटा वो इतिहास में हमने पढ़ा है। परंतु, आजाद भारत के इतिहास में सर्वाधिक समय तक देश की सत्ता में रहे ऐसे दलों ने इन परम वीरों को महत्व नहीं दिया। भाजपा की मोदी की सरकार ने सिख पंथ के गौरवशाली इतिहास को देश के सामने रखा है इसके लिए देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी का आभारी है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा की सिख समाज के 10 वें गुरु गोविंद सिंह के परिवार के शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2022 में जो सराहनीय निर्णय लिया कि 26 दिसंबर को प्रतिवर्ष देश में वीर दिवस के नाम से जाना जाएगा। आज देश इन महान शहीदों की शहादत से इतने विस्तार से परिचित हो रहा है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा नेता प्रलय थिटे, सर्वसमाज से देवेंद्र दुबे ने भी गुरु गोविंद सिंह और उनके छोटे साहबजादे जोरावर सिंह, फतेह सिंह सहित पूरे परिवार के बलिदान का विस्तार से उल्लेख करते हुए वीर दिवस के अवसर पर सभी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। समापन अवसर पर सिख समाज के ज्ञानी द्वारा अरदास कर कार्यक्रम समापन हुआ। वीर बाल दिवस के कार्यक्रम का संचालन शहर संयोजक पार्षद महेंद्र जैन और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला मंडल और मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों पार्सद गण कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला संयोजक सतपाल सिंघ पाली ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2022 से सिख पंथ के गुरु गुरु गोबिंद सिंह के 2 वीर सपूतों की शहादत की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बालक दिवस मनाने का निर्णय लिया और इस दिन स्कूल कालेजों के साथ गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम होता है। सिख पंथ के शहीद परिवार के गौरवशाली इतिहास का विस्तृत उल्लेख करते हुए कार्यक्रम संयोजक ने वीर बालकों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छग के संघ प्रांत प्रचार प्रमुख संजय तिवारी ने वीर बाल दिवस के संदर्भ में अपने सम्बोधन में कहा कि 26 दिसंबर का दिन हमे 2 अमर वीर सपूतों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और बलिदान की याद दिलाता है। पंजाब में मुगल शासकों के अत्याचार के विरोध में गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना किया था। मुगलों ने 1705 में गुरु गोविंद सिंह को पकड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी। जिसके कारण उन्हें अपने परिवार से अलग होना पड़ा। माता गुजरी बाई और 9 साल के पुत्र जोरावर सिंह 6 वर्षीय फतेह सिंह को अज्ञात स्थान से मुगलों ने गिरफ्तार कर जुल्मों सितम का कहर ढा दिया। परंतु, दोनों बालक निडर होकर उनके अत्याचार का साहस से सामना करते हुए शहीद हो गए। मुगलों ने उनको जिंदा ही दीवारों पर चुनवाकर मौत की सजा दे दी। संघ प्रचारक संजय तिवारी ने भारत देश की आजादी में योगदान देने वाले महापुरुषों के संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत देश की धरती साहसी,वीर बलिदानियों की गौरवगाथा से भरी पड़ी हुई है। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने सिख पंथ की गौरवगाथा का वर्णन करते हुए कहा कि देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए सिख समाज ने जो योगदान दिया उसे पूरा देश नमन कर रहा है। हिंदुस्तान की धरती पर पैदा होने वाले सभी हिंदू है ये हमारी विचारधारा है। परंतु, यह विचारणीय पहलू है कि इसी देश में कुछ अलगाववादी ताकते हिन्दुस्तान को खंडित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। धर्म परिवर्तन जोरों पर चल रहा है, ऐसा नहीं है कि वो अधिक ताकतवर है बल्कि धर्मांतरण इसलिए हो रहा है क्योंकि हिंदुस्तानी चुप और शांत है। अपनी ताकतों एकता और इतिहास को पहचान नहीं रहा है। हम सभी के लिए धर्म जान से प्यारा होना चाहिए ,धर्मांतरण राष्ट्रांतरण है इसलिए इसका पुरजोर विरोध करे। सिख समाज के प्रतिनिधि गुरबिंदर सिंघ ने शहीद बालको की वीरता को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन सिख समाज और भारतीय इतिहास के लिए बहुत खास मायने रखता है।

और सिद्धान्तों की रक्षा के लिए बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगल शासकों के सामने कभी घुटने नहीं टेके। धर्म परिवर्तन कर आजादी की जिंदगी जीने से बेहतर वीर बालको ने धर्म की रक्षा के लिए दीवारों पर चुनकर मौत को गले लगाना पसंद किया। गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादों में से 2 तो मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हो गए थे। गुरविंदर सिंघ ने कहा कि सिख पंथ सदैव मोदी सरकार का आभारी रहेगा, जिसकी वजह से आज पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाना संभव हुआ।

# महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बागबाहरा ग्रामीण मंडल द्वारा वीर बाल दिवस पर स्थानीय बुढ़ान शाह नवीन महाविघालय में गुरु गोविंद सिंह महाराज के अमर बलिदानी साहिबजादों की वीरता को याद किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, हेमंत तिवारी, सहसयोजकवीर बाल दिवस, रूपेश साहू अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, पिलेश्वर पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा दोनों वीर साहिबजादों की चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में वीर शहीदों के अल्पकालीन जीवन पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बच्चों को बताया कि गुरु गोविंद सिंह महाराज के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेहसिंह की शहादत इनके शौर्य और अप्रतिम बलिदान की गाथा अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पहल करते हुए वर्ष 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया। छोटी सी उम्र में साहिबजादों का यह बलिदान देश-प्रदेश के बच्चों को राष्ट्र की संस्कृति और धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा देगा। पूर्व सांसद ने दोनों वीर बालकों की जीवनी पर विस्तृत जानकारी बच्चों की दी। वीर बाल दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक हेमंत तिवारी ने भी वीर साहिबजादों के बारे में बताया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, रुपेश साहू मंडल अध्यक्ष, पिलेश्वर पटेल, कमलेश कुमार टांडेय, सुरेश अग्रवाल, चिंताराम साहू, चिंता सिन्हा, विनोद दीवान, कन्हैया नायक, बलराम दीक्षित, प्रकाश पटेल, हरीश जगत, कोमल साहू और मोहित साहू आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन कन्हैया नायक ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन रुपेश साहू मंडल अध्यक्ष ने किया।



# गोस्वामी समाज का दो दिवसीय आवासीय सामाजिक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा दो दिवसीय आवासीय सामाजिक कार्यशाला तथा पारिवारिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे समाज के बच्चों को गोस्वामी समाज से संबंधित विभिन्न रीति-रिवाजों, परंपराओं आदि विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा मठ, मढ़ी व अखाड़े क्या हैं, कितने हैं, कहां-कहां हैं, एक ही मढ़ी में वैवाहिक संबंध क्यों त्याज्य है तथा गृहस्थ गोस्वामियों का इनसे क्या संबंध है विषय पर विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती ने राष्ट्र के उत्कर्ष तथा नवनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखा। विजय पुरी ने गुरू महिमा तथा धीरेंद्र गिरि ने शिवत्व पर बातें रखीं।



कार्यक्रम के दूसरे दिन पारिवारिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे समाज के सदस्य, महिला, पुरुष तथा बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही दो दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समापन सत्र में प्रांतीय पदाधिकारी उमेश भारती, अशोक गिरि, पोखराज बन, कवि काशीपुरी कुंदन, वीरेंद्र गिरि, नारेंद्र प्रकाश गिरि अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों का संचालन तोषण गिरि गोस्वामी, राजेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी तथा अर्चना गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, सुधा गोस्वामी, राजू आदि मौजूद रहे।

## तुमगांव में जनऔषधि केंद्र की शुरुआत

### क्षेत्र की जनता को मिलेगी सस्ती दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरुआत हुई। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को चिकित्सा खर्च में कमी आएगी और जरूरतमंदों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर और उपाध्यक्ष पप्पू पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा कार्यक्रम में नगर पंचायत के पार्षदगण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय निवासियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी, जिससे चिकित्सा सेवाओं में सुधार होगा।

# विनम्र एवं पुण्यकर्मी व्यक्ति के घर आते हैं भगवान: वर्षा

## तुमगांव में 22 से 30 दिसंबर तक सप्त दिवसीय राम कथा का आयोजन, कथा सुनने प्रतिदिन उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव में गत 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक सप्त दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 1008 महामंडलेश्वर साध्वी अन्नपूर्णा गिरी (वर्षा नागर) निरंजनी पंचायती अखाड़ा उज्जैन मध्यप्रदेश द्वारा भगवान राम के कथाओं का वर्णन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 22 दिसंबर को कलशयात्रा निकाली गई। कथा के चौथे दिवस 26 दिसंबर को राम जन्म व राम विवाह कथा का वाचन करते हुए साध्वी वर्षा नागर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर राम कथा का आयोजन हो रहा है। जब भी अवसर मिलता है मैं यहां अवश्य आती हूं। उन्होंने कथा प्रसंग आगे बढ़ाते हुए कहा कि राम जैसे पुत्र पाने के लिए दशरथ जैसा बनना पड़ता है। दशरथ ने रजो, तमो गुण, सतो गुण पर विजय प्राप्त कर लिया था। सत्व का अर्थ है पवित्रता और ज्ञान सतोगुण वाले व्यक्ति भले, पुण्यवान, करूणावान, मैत्रीवान, दयावान, प्रेमी, क्षमावान, नम्रताशील, सहनशील होते हैं। भगवान ऐसे पुण्य कर्मी, सत्यवादी के घर ही आते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा व सम्मान करना है तो छोटे, गरीब, वंचितों का करो। अमीर और धनी लोगों का तो हर कोई सम्मान करता है? यदि बड़ा बनना है तो छोटों को सम्मान दो, आदर दो। तभी आपका व्यक्तित्व आदर्श व्यक्तित्व के रूप में निखरेगा। उन्होंने राम विवाह कथा का श्रवण श्रोता भक्तों को कराया। उल्लेखनीय है कि उक्त सप्त दिवसीय राम कथा का आयोजन घनश्याम चंद्राकर, श्यामकुंवर चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमे प्रतिदिन सैकड़ों श्रोता कथा श्रवण करने उपस्थित हो रहे हैं। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है। राम विवाह कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर भी उपस्थित हुए। उन्होंने साध्वी वर्षा नागर का आशीर्वाद लिया तथा भगवान राम की पूजा कर नगर वासियों की खुशहाली की कामना की। कथा श्रवण करने मुख्य रूप से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर-वंदना चंद्राकर, शिव-मधु, दिनेश-पिंकी, पोषण- माला, दिनेश्वरी-नरोत्तम, श्रेया-यश, राजेश चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, भावेश चंद्राकर, बीआर चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर, रामगोपाल यादव, गोविंद निर्मलकर, धर्मेंद्र यादव, हेमलता चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में तुमगांववासी उपस्थित रहे।




# खरीदी 47970 और मात्र 6 हजार क्विंटल ही उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव नहीं होने से उपार्जन केंद्रों में जगह की अभाव से खरीदी बंद होने की नौबत आ गई है। धान का उठाव कछुआ गति से चल रही है। कुछ केंद्र में नए बारदाने की समस्या तो कुछ केंद्र में उठाव की बोहनी तक नहीं हो पाई है। यदि परिवहन ऐसा ही धीमा रहा तो फड़ों में जगह की कमी के चलते खरीदी प्रभावित भी हो सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन किसानों से चार से पांच हजार कट्टा खरीदी की जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में अगर समय पर उठाव नहीं हुआ तो अन्नदाता किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। इस प्रकार ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नर्रा खरीदी केंद्र में अब तक 47970 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। उठाव मात्र 6 हजार क्विंटल ही हो पाया है। इस तरह परसुली केंद्र में अब तक 38557 क्विंटल खरीदी हुआ है। यहां उठाव 5520 क्विंटल हो पाया है। कछारडिही में अब तक 44 हजार क्विंटल खरीदी उठाव 3 हजार क्विंटल ही हो पाया है। उपकेंद्र घोटियापानी में अब तक 74426 कट्टा में मात्र 1900 सौ कट्टा ही उठाव हो पाया है। वही खरीदी केंद्र कोमाखान में अब तक 31650 क्विंटल खरीदी उठाव 11300 क्विंटल हो गया। बंसुलाडबरी में 45490 क्विंटल खरीदी, उठाव 37325, मोगरापाली 1,14000 हजार कट्टा, उठाव 1100 कट्टा, साल्हेभांठा 24 हजार क्विंटल से अधिक हो गया है। उठाव के लिए डीओ तक कट ही नहीं पाया है। बीकेबाहरा, ओंमकारबंध, सुखरीडबरी, तुसदा, चरौदा, खल्लारी, झारा, आमाकोनी, बोड़राबांधा, सम्हर खोपलीपड़ाव, कसेकेरा, गांजर पटपरपाली, बकमा, खेमड़ा, मुनगासेर, देवरी इत्यादि के एक्का दुक्का केंद्र में ही परिवहन ठीक ठाक है तो अधिकांश केंद्र में जाम की स्थिति बना हुआ है। सुनने में आया है कि मिलर्स द्वारा केंद्र में दिये जा रहे पुराने बारदाने की बंडल में फटा निकलने से किसान लेने में आनाकानी कर रहे हैं। वहीं बारदाना फटे होने को लेकर सोसायटी कर्मचारी और किसानों के बीच विवाद भी होता है।






